# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या : पी॰आर॰ 218/2022

**ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त प्रशिक्षण महाविद्यालय में डी0एल0एड0 (प्रशिक्षण सत्र 2022–24) में नामांकन के संबंध में आवेदकों के लिये आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 198/2022, पी0आर0 206/2022 एवं पी0आर0–215/2022 के क्रम में सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्धता प्राप्त सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण महाविद्यालयों से डी0एल0एड0 (प्रशिक्षण सत्र 2022–24) में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन जमा करने के अंतिम तिथि दिनांक 10.11.2022 तक निर्धारित थी। सभी आरक्षित कोटि तथा निःशक्त को इंटरमीडिएट के प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट देय का प्रावधान है। इसी क्रम में सामान्य कोटि सहित सभी कोटि के अभ्यर्थियों के हित में डी.एल.एड. में नामांकन के लिए ऑनलाईन आवेदन जमा करने हेतु दिनांक 11.11.2022 से 12.11.2022 तक अंतिम रूप से अवसर प्रदान किया जाता है।

2. **अतः उक्त सभी कोटि के अभ्यर्थी प्रशिक्षण संस्थानों में डी0एल0एड0 में नामांकन हेतु दिनांक 11.11.2022 से 12.11.2022 तक समिति के वेबसाईट http://deled.biharboardonline.com तक ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते हैं।**

3. यदि उक्त प्रक्रिया में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो समिति के उक्त वेबसाईट **http://deled.biharboardonline.com** पर उपलब्ध लिंक **"Grievance related to D.El.Ed Admission Session 2022-24"** पर क्लिक कर अपनी कठिनाई के संबंध में सूचना देकर उसका निराकरण करा सकते हैं। समिति के उपरोक्त पोर्टल पर वर्णित लिंक इस अवधि में खुला रहेगा। साथ ही समिति के ईमेल आई.डी : **ofssdeled@gmail.com** के माध्यम से भी अपनी कठिनाई के संबंध में जानकारी देते हुए समिति से संपर्क किया जा सकता है।

4. समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 198/2022 द्वारा निर्धारित अन्य निर्देश एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।
दिनांक– 10/11/2022

ज्ञापांक– टी0टी0प्रे0 391/पटना,